॥ श्री तुलसी माता जी की आरती ॥

जय जय तुलसी माता, मैय्या जय तुलसी माता ।
सब जग की सुख दाता, सबकी वर माता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

सब योगों से ऊपर, सब रोगों से ऊपर।
रज से रक्ष करके, सबकी भव त्राता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

बटु पुत्री है श्यामा, सूर बल्ली है ग्राम्या।
विष्णुप्रिय जो नर तुमको सेवे, सो नर तर जाता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

हरि के शीश विराजत, त्रिभुवन से हो वंदित।
पतित जनों की तारिणी, तुम हो विख्याता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

लेकर जन्म विजन में, आई दिव्य भवन में।
मानव लोक तुम्हीं से, सुख-संपति पाता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

हरि को तुम अति प्यारी, श्याम वर्ण सुकुमारी।
प्रेम अजब है उनका, तुमसे कैसा नाता।
हमारी विपद हरो तुम, कृपा करो माता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

जय जय तुलसी माता, मैय्या जय तुलसी माता।
सब जग की सुख दाता, सबकी वर माता ॥
॥ मैय्या जय तुलसी माता ॥

paramsoul.com